# हिन्दी

**(दूर्वा)(पाठ 23)(हाथी– सर्वेश्वर दयाल सक्सेना)**
**(कक्षा 6)**

**प्रश्न 1:**
कविता की अधूरी पंक्तियाँ पूरी करो ।
**उत्तर 1:**
**क:**
सूंड उठाकर हाथी बैठा
**क:**
पक्का गाना गाने,

**ख:**
बड़े मौज से भीतर बैठा
**ख:**
मच्छर गाना गाता।

**ग:**
हमें बता दो इन दोनों में
**ग:**
अच्छा कौन गवैया?

**प्रश्न 2:**
कविता के आधार पर बताओ ।
**उत्तर 2:**
**क:**
हाथी सूंड उठाकर किसलिए बैठा ?
**क:**
हाथी सूँड उठाकर गाना गाने के लिए बैठा ।

**ख:**
हाथी के  कान क्यों बज उठे ?
**ख:**
कान में मच्छर के घुस जाने के कारण हाथी के कान बज उठे।

**ग:**
मच्छर कहाँ बैठकर गाना गा रहा था?
**ग:**
मच्छर हाथी के कान में बैठकर गाना गा रहा था ।

**प्रश्न 3:**

नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दो ।

**उत्तर 3:**

**क:**

हाथी गाना गाने के बदले तबला क्यों बजाने लगा?

**क:**

अपने कान के अन्दर बैठे मच्छर को निकालने के लिए हाथी तबला बजाने लगा ।

**ख:**

वाक्य के खाली स्थान को अपनी कल्पना से भरो ।

**1:**

जंगल के पेड़ों के बीच बैठकर कान हिलाता हाथी ............................. जैसा दिखता था ।

क. कार्टून ख. खिलौना ग. मूर्ति

**1:**

जंगल के पेड़ों के बीच बैठकर कान हिलाता हाथी कार्टून जैसा दिखता था ।

**2:**

मच्छर जब हाथी के कान के भीतर बैठकर गाना गा रहा था, उसके गाने को...................... सुन रहा था ।

क. हाथी ख. जंगल ग. कोई नहीं

**2:**

मच्छर जब हाथी के कान के भीतर बैठकर गाना गा रहा था, उसके गाने को हाथी सुन रहा था ।